# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, मंगलवार 11 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-74


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

## पीएम मोदी रायबरेली से करेंगे लोकसभा चुनाव 2019 का शंखनाद

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर मंगलवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली से आगामी लोगसभा चुनाव 2019 के लिए शंखनाद करेंगे । ज्ञातव्यों हो कि इसी दिन देश के महत्वपूर्ण पांच राज्यों के चुनाव परिणाम आयेंगे. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायबरेली से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे. इस दरम्यान श्री मोदी कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी करेंगे. साथ ही मोदी रेल कोच फैक्टरी का निरीक्षण के अलावा कोच फैक्टरी से निर्मित 900 कोचेस को रवाना करेंगे.



रायबरेली के बाद पीएम मोदी प्रयागराज में कुंभ की तैयारी का जायजा लेने के लिए जाएंगे. पीएम मोदी 29 दिसंबर को ग़ाज़ीपुर दौरे पर रहेंगे. भाजपा अब ओबीसी वोट बैंक पर नज़र जमाए हुए है. प्रधानमंत्री खुद गाजीपुर में सुहेलदेव के नाम पर डाक टिकट जारी करेंगे. 15 जनवरी को प्रधानमंत्री वाराणसी में होने वाले प्रवासी भारतीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. वाराणसी दौरे के बाद मोदी एक बार फिर प्रयागराज में होने वाले कुंभ में हिस्सा लेंगे. गौरतलब है कि योगी सरकार ने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुंभ दर्शन के लिए निमंत्रण दिया है. जानकारी के मुताबिक विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद सबकी नजर अब लोकसभा चुनावों में टिक गई है. मंगलवार को पांच राज्यों के मतदान परिणाम आने के साथ ही सभी दल लोकसभा चुनावों की तैयारी में जुट जाएंगे. विपक्ष एक ओर जहां एकजुट होता दिखाई दे रहा है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अभी से लोकसभा चुनावों की तैयारी तेज कर दी है.

प्रधानमंत्री मोदी रायबरेली से इसकी शुरुआत करेंगे. रायबरेली में बैठक करने के साथ, प्रयागराज में कुंभ की तैयारी का जायजा लेने जाएंगे. वाराणसी में मोदी प्रवासी भारतीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे. इसके बाद जब प्रयागराज में कुंभ शुरू हो चुका होगा उस वक्त कुंभ का दर्शन करने जाएंगे.

## कैबिनेट ने नई पेंशन स्कीम के प्रस्ताव में बदलाव को दी मंजूरी, एनपीएस से 60 फीसदी की निकासी टैक्स फ्री होगी: वित्त मंत्री अरुण जेटली

नई दिल्ली।'कैबिनेट ने नैशनल पेंशन स्कीम में कुछ बदलाव करने का फैसला किया है। इसके में केंद्र सरकार का योगदान 10 से बढ़ाकर 14 फीसदी किया जाएगा। एनपीएस से 60 फीसदी की निकासी टैक्स फ्री होगी: वित्त मंत्री अरुण जेटली



राष्ट्रीय पेंशन स्कीम में केंद्र सरकार ने किए कई बदलाव, सरकार ने अपना योगदान 10 से बढ़ाकर 14 फीसद किया

1. अभी तक कर्मचारी की ओर से इस स्कीम में 10 प्रतिशत का योगदान करते थें और सरकार भी 10 फीसदी का योगदान करती थी. अब बड़ा बदलाव यह किया गया है कि कर्मचारी को तो 10 प्रतिशत ही योगदान देना होगा लेकिन सरकार 10 के बदले 14 प्रतिशत का योगदान देगी.

2. रिटायरमेंट के समय कर्मचारी अपने कुल जमाधन का 60 प्रतिशत निकाल सकते थें जिनमें उसका 40 प्रतिशत टैक्सेबल होता था लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है. अब इसे टैक्स फ्री कर दिया गया है.

3. कर्मचारी जो योगदान देते है वह 80 सी में कवर होगा. कर्मचारी को निवेश का जो दो विकल्प दिया जाता था जिसमें एक इक्विटी का भी था, अब वह दोनों स्कीम में कभी भी चेंज कर सकेंगे. अभी नेशनल पेंशन स्कीम में 18 लाख कर्मचारी है.

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट में भारत की शानदार जीत, ऑस्ट्रेलिया को 31 रनों से हराकर रचा इतिहास

एडिलेड। पहले टेस्ट के रोमांचक मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 31 रनों से पीट दिया है। इसी के साथ ही विराट की सेना ने चार मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। भारत ने 10 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में कोई टेस्ट मैच जीता है। आखिरी बार भारत को 2008 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ टेस्ट में जीत मिली थी। एडिलेड ओवल की बात करें, तो भारत को 15 साल बाद यहां जीत मिली है। आखिरी बार एडिलेड में भारत 2003 में टेस्ट मैच जीता था। जब द्रविड़ ने टीम इंडिया को 4 विकेट से यादगार जीत दिलाई थी। एडिलेड ओवल में भारत अपना 12वां टेस्ट मैच खेलने उतरा था।



ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत को 45 टेस्ट मैचों में छठी जीत हासिल हुई। इस मैच में कंगारू गेंदबाजों ने टीम इंडिया को पहली पारी में 250 रनों पर समेट दिया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने भी ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 235 रनों पर ऑलआउट कर दिया। भारत को पहली पारी के आधार पर 15 रनों की बढ़त मिल गई। भारत की दूसरी पारी 307 रन पर सिमट गई। इसी के साथ ही ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 323 रनों का टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कंगारू टीम को दूसरी पारी में भारतीय गेंदबाजों ने 291 रन पर ऑलआउट कर इतिहास रच दिया। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 14-18 दिसंबर तक पर्थ में खेला जाएगा।

भारत की इस जीत में चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की बल्लेबाजी के साथ-साथ रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, ईशांत शर्मा और जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई है.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### केरल बना चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य

नई दिल्ली। केरल में रविवार को कन्नूर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया। इसी के साथ केरल देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं। नागरिक उड्डयन मंत्री सुरेश प्रभु और मुख्यमंत्री पी विजयन ने संयुक्त रूप से एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान को हरी झंडी दिखाकर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। यह विमान 186 यात्रियों को लेकर अबू धाबी के लिए रवाना हुआ। कन्नूर एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद केरल देश का पहला राज्य है, जहां चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट हैं।

### भूकंप और भूस्खलन में तीन की मौत, पांच घायल

चेंगदू (आरएनएस)। चीन के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिनचुआन में आये भूकंप और उसके बाद हुए भूस्खलन में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय प्रशासन के अनुसार रविवार को आये भूकंप और भूस्खलन में तीन मकान ढह गये।

### मॉडल ने नाबालिग को भेजा अपना अश्लील फोटो, पुलिस ने किया मामला दर्ज

वॉशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की एक ब्यूटी कॉन्टेस्ट विनर पर नाबालिग छात्र के यौन शेषण का आरोप लगाया गया है। उक्त विनर के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। उक्त मॉडल ने नाबालिग छात्र को अपने कुछ अश्लील तस्वीरें भेजी थी।

### सुरक्षाबलों ने तालिबान के शीर्ष कमांडर सहित मार गिराए 10 आतंकी

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के फरयाब प्रांत में रविवार को मारे गए कुल 10 आतंकियों में तालिबान का एक प्रमुख कमांडर मौलवी नसरतुल्लाह भी शामिल है। जानकारी के अनुसार, सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने एक खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए दौलताबाद जिले में तालिबान की एक सभा पर रविवार तड़के हमला किया, जिसमें 10 आतंकी घटनास्थल पर मारे गए।

### हवाई हमले में अल शबाब के 4 आतंकी ढेर

मोगादिशु (आरएनएस)। अमेरिकी सेना का कहना है कि उनके विशेष सुरक्षाबलों ने सोमालिया में हवाई हमले किए, जिसमें अल शबाब के चार आतंकवादियों की मौत हो गई। अमेरिका अफ्रीका कमान (अफ्रीकॉम) का कहना है कि सोमालिया सरकार के साथ मिलकर सामूहिक आत्मरक्षा हमले में अल शबाब के आतंकवादी ढेर हो गए।

### साइप्रस के तट पर छोड़े गए 43 अवैध अप्रवासी

निकोसिया (आरएनएस)। साइप्रस द्वीप के उत्तरी-पश्चिमी वीरान तट पर 43 अवैध अप्रवासियों को छोड़ा दिया गया जिसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।

पुलिस ने रविवार को कहा कि अप्रवासियों एक छोटी मछली पकड़ने वाली नाव के जरिये यहां लाये गये। पुलिस शुक्रवार रात से ही इस नाव की निगरानी कर रही थी। नाविकालक को जब लगा कि नाव की निगरानी की जा रही है तो उसने रास्ता बदलकर साइप्रस के उत्तरी-पश्चिमी वीरान तट पर 43 अनियमित अप्रवासी को छोड़ा दिया। पुलिस ने इन अप्रवासियों को रोककर पूछताछ की तो उसे पता चला कि सभी अप्रवासी सीरिया से यहां आये हैं।

### हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार:मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद का शीतकालीन सत्र 11 दिसंबर मंगलवार से शुरू हो रहा है। उससे पहले आज केंद्र सरकार की ओर से सभी राजिनीतिक दलों की मीटिंग बुलाई गई। इस मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचे। प्रत्येक संसद सत्र से पहले औपचारिकता के तौर पर यह मीटिंग बुलाई जाती है। हालांकि, मंगलवार को ही 5 राज्यों के चुनावों के नतीजे भी आ रहे हैं।

## मोस्ट वॉन्टेड आतंकी रियाज अहमद गिरफ्तार

### नए आतंकवादियों की कर रहा था भर्ती

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में आतंक की फौज तैयार करने वालों की कोशिशों को पुलिस ने एक और झटका दिया है। किश्तवाड़ पुलिस ने एक वॉन्टेड आतंकी रियाज अहमद को गिरफ्तार किया है। रियाज उन लोगों में शामिल है, जो घाटी के युवाओं को आतंकी बनने के लिए उकसाता है और उन्हें संदिग्ध गतिविधियों में शामिल करवाता है। आतंकियों के बीच रियाज काफी चर्चित भी है और काफी समय से वॉन्टेड था।



बता दें कि घाटी में युवाओं को उकसाकर और बरगलाकर आतंकी गतिविधियों की ओर मोड़ने के लिए ऐसे कई लोग सक्रिय हैं, जो अपनी तकरीरों और भाषणों से युवाओं का ब्रेनवॉश करके उन्हें प्रभावित करते हैं। कुछ महीनों पहले ही ऐसे ही एक युवा के आंतकी बनने के बाद उसके परिवार ने कई बार उससे अपील की थी, वह घर लौट आए।

## महिला आरक्षण विधेयक के लिए राहुल गांधी ने खेला बड़ा दांव

### कांग्रेस व गठबंधन सरकारों को लिखा खत

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई आरक्षण की मांग करने के लिए राज्यों की कांग्रेस/ गठबंधन सरकारों को पत्र लिखकर अपनी-अपनी विधानसभाओं में एक प्रस्ताव पारित करने को कहा है।



गांधी ने कांग्रेस और सहयोगी मुख्यमंत्रियों को लिखे पत्र में कहा है, अगले संसद सत्र में महिलाओं के लिए लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक-तिहाई आरक्षण के लिए विधेयक पारित कराने के लिए राज्य विधानसभाओं में प्रस्ताव पारित होने से हमारे समर्थन को मजबूती मिलेगी।

संसद में महिलाओं के प्रतिशत में भारत का स्थान 193 देशों में से 148 पर है, जिसका जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि राज्य विधानसभाओं में हालात और भी बुरे हैं। गांधी ने छह दिसंबर को लिखे अपने पत्र में कहा है, हमारी राजनीति में महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से हमारे लोकतंत्र और मौजूदा प्रणाली में अन्याय की आशंका बढ़ जाती है। महिलाओं ने न केवल स्थानीय स्वशासन निकायों में अपने आप को बेहतर अगुवा सिद्ध किया है, बल्कि उन लैंगिक परंपराओं को भी चुनौती दी है, जो सार्वजनिक जिंदगी में उनकी भूमिका को सीमित करती हैं।

यह विधेयक राज्यसभा में 2010 में पारित हुआ था, लेकिन 2014 में 15वीं लोकसभा के भंग होने के बाद यह कालातीत हो गया। गांधी के अलावा, ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने भी गुरुवार को सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए उनका समर्थन मांगा है।

## कोहरे के चलते आपस में टकराए वाहन, 4 की मौत



रामपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में कोहरे के चलते कई वाहन आपस में टकरा गए। इन हादसों में चार लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के मुताबिक शहजादनगर थाना क्षेत्र में एफसीआई गोदाम के पास रविवार सुबह डीसीएम और ट्रैक्टर ट्राली आपस में टकरा गई। इस हादसे में डीसीएम के हेल्पर अंकुश (16) निवासी बिलारी मुरादाबाद, ट्रैक्टर चालक रियाज अहमद निवासी अमरिया पीलीभीत व ट्रैक्टर सवार एक अन्य शख्स की मौत हो गई। डीसीएम चालक हरिबाबू निवासी बिलारी मुरादाबाद घायल हो गया।

इस हादसे के बाद सुबह करीब आठ बजे बरेली की ओर से आ रही दो कारें इन दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गईं। जिसमें एक कार में सवार हसनपुर अमरोहा निवासी सचिन शर्मा की मौत हो गई जबकि उसका साथी रोहित शर्मा और दूसरी कार सवार दिल्ली के उत्तमनगर निवासी अमन गुप्ता, उनकी मां कुमकुम गुप्ता, नौ वर्षीय भाई कृष्णा गुप्ता भी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## भारत और रूस की वायुसेना आज से पोखरण में करेंगी संयुक्त युद्धाभ्यास

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत और रूस की वायुसेना सोमवार से राजस्थान के जैसलमेर के पोखरण में युद्धाभ्यास करेंगी। 12 दिनों तक चलने वाले इस संयुक्त युद्धाभ्यास को अब तक का सबसे बड़ा सैन्य अभ्यास माना जा रहा है. इसके लिए पोखरण फायरिंग रेंज और बाड़मेर के उत्तरलाई का भी इस्तेमाल किया जाएगा.



भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने कहा कि एवीइंद्र नाम का अभियान अपनी तरह का पहला युद्धाभ्यास होगा, क्योंकि रूस की वायुसेना अपना साजोसामान लेकर नहीं आएगी और वह यहां भारतीय उपकरणों का इस्तेमाल करेगी.

अधिकारी के अनुसार भारतीय वायुसेना द्वारा इस्तेमाल होने वाले ज्यादातर लड़ाकू विमान रूसी मूल के ही हैं और दोनों देशों की वायुसेनाएं आपसी तालमेल के महत्वपूर्ण स्तरों को छू चुकी हैं. रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत में, रशियन फेडरेशन ऐयरोस्पेस फोर्स के पायलट भारतीय वायुसेना के विमानों में भारतीय पायलटों के साथ उड़ान भरेंगे जो दोनों वायुसेनाओं में समान है.

## प्रधानमंत्री कार्यालय के जनसंपर्क अधिकारी ठक्कर का निधन

### प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री कार्यालय में जनसंपर्क अधिकारी के रुप में कार्यरत जगदीश ठक्कर का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। वे 72 वर्ष के थे। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल थे और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में उनका उपचार चल रहा था, जहां रविवार की रात उनका निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठक्कर के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा, ठक्कर वरिष्ठ पत्रकार थे और मैंने उनके साथ गुजरात और दिल्ली में लंबे समय तक कार्य किया। उन्होंने पहले भी गुजरात के कई मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया। ठक्कर के साथ तमाम पत्रकार पिछले कई सालों से संपर्क में रहे। उन्होंने कहा, अपने कर्तव्य के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित ठक्कर सादगीप्रिय, जोशीले और दिलखुश स्वभाव के इंसान भी थे।

उनके निधन से हमने एक बेहतरीन व्यक्तित्व खो दिया। मेरी उनके परिवार और हितैषियों के प्रति गहरी संवेदना है।